बेटा हर फॉर्मेट के लिए तैयार है। उम्मीद है कि लगातार मेहनत से वनडे टीम में भी अपनी स्थायी जगह बना लेगा। ध्रुव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने गए हैं। – नेमचंद जुरेल

ध्रुव जुरेल के पिता, अपने बेटे को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

हेनरी थॉर्नटन



ऑस्ट्रेलिया-ए के तेज गेंदबाज़ हेनरी थॉर्नटन को भारत ए के खिलाफ चल रही अनौपचारिक एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पेट में गंभीर संक्रमण के बाद कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। माना जा रहा है कि यह संक्रमण फ़ूड पॉइजनिंग के कारण हुआ है। 27 वर्षीय यह तेज गेंदबाज होटल में टीम के डिनर के तुरंत बाद बीमार पड़ गया और उसे इलाज के लिए रीजेंसी अस्पताल ले जाया गया। टीम प्रबंधन ने बताया कि थॉर्नटन को कानपुर पहुंचने से पहले ही हल्के पेट दर्द के लक्षण महसूस हो रहे थे। हालांकि, टीम के पहुंचने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई।

क्या आप जानते हैं ?... साल 2009 से 2024 तक भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच कुल 16 20 मैच खेले गए हैं।

एशिया कप 2025 ट्रॉफी चोरी की शिकायत पर दुबई पुलिस ने दी त्वरित स्वीकृति

लखनऊ, 5 अक्टूबर। दुबई में 27 सितंबर 2025 को संपन्न हुए एशिया कप 2025 फाइनल के दौरान हुई ट्रॉफी चोरी के गंभीर मामले पर लखनऊ निवासी एक क्रिकेट प्रेमी संजय शर्मा ने दुबई पुलिस को औपचारिक शिकायत की है। बीते 30 सितम्बर को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष एवं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी को कानूनी तरीके से विजेता भारतीय टीम को सौंपने के बजाय अपने कब्जे में ले लिया। शिकायत में इस ग़ैरकानूनी कृत्य को क्रिकेट समुदाय के लिए गहरा आघात बताया गया है, जिससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने दुबई पुलिस विभाग से मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा ट्रॉफी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस शिकायत की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी), भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड और संबंधित अन्य क्रिकेट संस्थाओं को भी दी गई है। दुबई पुलिस ने प्राप्त शिकायत का शीघ्र उत्तर देते हुए 48 कार्यघंटों में वापसी का भरोसा भेजा है । यह मामला न केवल खेल के नैतिक आदर्शों के उल्लंघन का प्रश्न है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की प्रतिष्ठा और खेलों में पारदर्शिता व जवाबदेही के सिद्धांतों की भी परीक्षा है। भारतीय क्रिकेट समर्थक संजय शर्मा के प्रयास और दुबई पुलिस की इस कार्रवाई से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही न्याय होगा।

अनिसिमोवा ने नोस्कोवो को हराकर चाइना ओपन महिला एकल खिताब जीता

बीजिंग, 5 अक्टूबर। अमांडा अनिसिमोवा ने रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर अपना पहला चाइना ओपन खिताब जीता। सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त और हमवतन कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराने के एक दिन बाद, 24 वर्षीय तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपनी लय बरकरार रखी और बिना कोई गेम गंवाए पहला सेट जीत लिया। 20 वर्षीय नोस्कोवा ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और अपनी लय हासिल करते हुए मैच को एक-एक सेट से बराबर कर दिया। हालाँकि, अनिसिमोवा ने निर्णायक सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया और नियंत्रण बनाए रखते हुए 6-2 से जीत हासिल की। मैच के बाद अनिसिमोवा ने कहा, ''ये हफ़्ते अविश्वसनीय रहे हैं। लिंडा बहुत छोटी है। मुझे यकीन है कि हमें और भी फ़ाइनल खेलने को मिलेंगे।मैं सभी प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहती हूँ, और मेरा मानना है कि हर खिलाड़ी इस समर्थन को महसूस कर सकता है। मैंने यहां सबसे अच्छा समय बिताया।'' नोस्कोवा का फ़ाइनल तक का सफ़र डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, क्योंकि उन्होंने घरेलू पसंदीदा झेंग किनवेन और पांचवीं वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों को हराया। पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 फ़ाइनल में पहुंचने वाली नोस्कोवा ने कहा, ''फ़ाइनल में पहुंचना मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य और अविस्मरणीय अनुभव था।'' महिला युगल फ़ाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी और सारा एरानी ने जापान की मियू काटो और हंगरी की फैनी स्टोलर को 6-7(1), 6-3, 10-2 से हराकर चाइना ओपन महिला युगल ख़िताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली जोड़ी बन गईं।

श्रीलंका ने कोचिंग पैनल में फेरबदल किया

कोलंबो, 5 अक्टूबर। श्रीलंका क्रिकेट ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए तहत जूलियन वुड को नया बल्लेबाजी कोच और रेन फर्डिनेंड्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। वुड टीम के साथ एक साल के अनुबंध पर नए बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि फर्डिनेंड्स, विशेषज्ञ स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के साथ मिलकर नए स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। यह जोड़ी थिलिना कंदाम्बी और पियाल विजेतुंगे की जगह लेगी। दोनों कोच अनुभवी हैं और उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मजबूत बनाने का भरोसा दिया है। श्रीलंका क्रिकट ने विज्ञप्त में कहा, वह (वुड) अपने साथ अपार अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने पहले इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी), ग्लूस्टरशायर सीसीसी, हैम्पशायर सीसीसी, मिडलसेक्स सीसीसी और आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स सहित अन्य के साथ काम किया है। 56 वर्षीय फर्डिनेंड्स ने अपने कोचिंग करियर से पहले प्रथम श्रेणी क्रिकेट में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। विज्ञप्त के अनुसार, वाइकाटो विश्वविद्यालय से बायोमैकेनिक्स में पीएचडी प्राप्त फर्डिनेंड्स क्रिकेट प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए विज्ञान के अनुप्रयोग में व्यापक विशेषज्ञता रखते हैं। उन्होंने पहले भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के साथ काम किया था, जहां उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों और कोचों के लिए बायोमैकेनिक्स-आधारित कोचिंग कार्यक्रम प्रदान किए थे। कलाई और उंगली की स्पिन दोनों के विशेषज्ञ, रेने ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए बायोमैकेनिक्स सलाहकार के रूप में भी काम किया है, जहां उन्होंने प्रमुख गेंदबाजों के प्रदर्शन का मूल्यांकन और चोट-जोखिम का आकलन किया है।

विमेंस वर्ल्ड कप में भारत ने 88 रनों से पाकिस्तान को हराया

क्रांति-दीप्ति को 3-3 विकेट

कोलंबो, 5 अक्टूबर। आठवें नंबर की बल्लेबाज ऋचा घोष की 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन की तूफानी पारी के बाद क्रांति गौड और दीप्ति शर्मा (तीन-तीन विकेट), स्नेह राणा (दो विकेट) के बहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को महिला विश्व कप के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हरा दिया। यह भारत की पाकिस्तान पर लगातार 12वीं जीत है। 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। मुनीबा अली (दो), सदफ शम्स (छह) और आलिया रियाज (दो) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा आमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। गौड ने परवेज (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। सिदरा आमीन ने 81 रनों की पारी खेली। उन्हें स्नेह राणा ने आउट किया। 43वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सादिया इकबाल (शून्य) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 159 के स्कोर पर अंत कर दिया। यह भारतीय टीम की पाकिस्तान पर लगातार 12वीं जीत है।

भारतीय महिला टीम की ओर से क्रांति गौड और दीप्ति शर्मा (तीन-तीन विकेट), स्नेह राणा (दो विकेट) लिये। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 247 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हरलीन देओल ने 65 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत एक समय अपने छह विकेट 201 रन पर गंवाकर संघर्ष कर रहा था लेकिन ऋचा ने आने के बाद ही अपने शॉट खेले और उनकी तेज-तर्रार पारी ने भारत को 247 रनों तक पहुंचा दिया। यह कोई बड़ा स्कोर नहीं था, लेकिन धीमी दिख रही पिच पर यह निश्चित रूप से उपयोगी था।

मैच रेफरी की गलती से भारत टॉस हारा : विमेंस वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में रेफरी की गलती की वजह से भारतीय टीम टॉस हार गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स कहा। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज गलती से सना की कॉल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया।

कीड़ों से प्रभावित हुआ भारत-पाकिस्तान मैच

कोलंबो, 5 अक्टूबर। भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में खेला जा रहा महिला विश्व कप का मैच 15 मिनट के लिए रुका रहा, क्योंकि मैदान पर कीड़ों के झुंड को हटाने के लिए फ़्यूमिगेशन किया गया। इससे पहले भी खेल एक बार रुका था, जब इससे हल्के तरीकों से कीड़ों को हटाने की कोशिश की गई थी।

हालांकि फ़्यूमिगेशन का असर ज़्यादा देर तक नहीं रहा। माना जा रहा है कि ये कीड़े, पंख वाले दीमक थे, जो स्टेडियम की फ़्लडलाइट्स की तरफ आकर्षित होकर फिर से मैदान पर वापस लौट आए। खेल दोबारा शुरू होने के 10 मिनट के अंदर ही कीड़े फिर से आने लगे और खेल में देरी करते रहे। पाकिस्तान की ऑफ स्पिनर रमीन शमीम को 38वें ओवर में आंख से कीड़ा निकलवाना पड़ा।

कीड़े भारत की पारी के लगभग 20वें ओवर के आसपास नजर आने लगे, जब सूरज ढल रहा था। भारत के बल्लेबाज़ों और पाकिस्तान के गेंदबाज़ों दोनों को परेशानी झेलनी पड़ी। नशरा संधू को ख़ास तौर पर इस झुंड से दिक्कत हुई। पारी के 28वें ओवर में पांच गेंदों के बाद संधू और कप्तान फ़ातिमा सना ने बग स्प्रे मंगवाया और उसे गेंदबाज़ी क्रीज और अपने कपड़ों पर लगाया। कीड़ों की वजह से जब पहली बार खेल रुका, तो उसी दौरान ड्रिंक्स ब्रेक भी जल्दी ले लिया गया, लेकिन कीड़े मैदान के बीच में ही उड़ते रहे।

34 ओवर पूरे होने के बाद खेल फिर से रोका गया और खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। इस दौरान गैस मास्क पहने एक शख़्स फ़्यूमिगेशन मशीन (फ़ॉगिंग मशीन) लेकर मैदान पर आया। कुछ ही मिनटों में पूरा मैदान धुएं से ढक गया। धुआं साफ होने के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ।

श्रीलंका में कीड़ों की वजह से खेल रुकना आम नहीं है, लेकिन ऐसा पहले भी हुआ है। कुछ प्रजातियों के दीमक ख़ासकर बरसाती मौसम में बारिश के बाद झुंड बनाकर निकलते हैं। इस मैदान पर शनिवार को बारिश हुई थी, जब श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया का मैच बिना गेंद फेंके रद्द करना पड़ा था।

4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे जडेजा

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं। जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ''अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें। उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं।

इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ़ अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं।'' 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82.37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। इसमें से 516 रन इंग्लैंड में आए। वहां उनके आठ पारियों में छह 50 स्कोर शामिल थे।

आयरलैंड नवंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगा

ढाका, 5 अक्टूबर। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि आयरलैंड 6 नवंबर को दो टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की एक पूर्ण श्रृंखला खेलने के लिए बंगलादेश आएगा। यह दौरा दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से शुरू होगा, जिसका पहला टेस्ट 11 नवंबर से सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 19 से 23 नवंबर तक ढाका के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसके साथ टेस्ट श्रृंखला समाप्त होगी। मुशफिकुर रहीम के इस मैच के साथ 100 टेस्ट मैच खेलने का आंकड़ा छूने की उम्मीद है।

टेस्ट मैचों के बाद, दोनों टीमें 24 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए चटगांव जाएंगी। पहला टी20 मैच 27 नवंबर को बीर श्रेष्ठ शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोतीउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा टी20 मैच क्रमश: 29 नवंबर और 2 दिसंबर को खेला जाएगा। बंगलादेश ने आखिरी बार जून में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी, जिसमें उसे 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

महिला विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

कोलंबो, 5 अक्टूबर। पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया।

क्रिकबज़ ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे। यह फैसला दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है।

इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में उनकी निरंतर भागीदारी के लिए पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद एक अचानक हुई बैठक हुई, जिसके वीडियो के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई। अगले सुपर फॉर मैच के दौरान यह मतभेद और गहरा गया जब कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैदान पर तीखे इशारे किए। फ़ाइनल में कड़ी टक्कर के बाद, भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जो वर्तमान में एशियाई क्रिकेट परिषद और पीसीबी दोनों के अध्यक्ष हैं और पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। नकवी ट्रॉफी देने के लिए किसी और को न सौंपने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए भारतीय खिलाड़ियों ने 90 मिनट की लंबी देरी के बाद बिना ट्रॉफी के ही जश्न मनाया।

महिला टीमें हाथ मिलायेंगी या नहीं, यह एक बड़ा मुद्दा था, यहां तक कि क्रिकेट पर भी इसका असर पड़ा, विश्व कप मुकाबले से पहले, जिसके लिए कोलंबो पाकिस्तान का तटस्थ बेस है। भारत इस टूर्नामेंट का निर्धारित मेजबान है, लेकिन दोनों देश एक-दूसरे की धरती पर नहीं खेलते। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने मैच के दिन की अपनी दिनचर्या मैच के निर्धारित समय से लगभग 90 मिनट पहले शुरू की, जब आसमान धूप से बादलों में बदल गया। शनिवार को इसी मैदान पर शाम तक लगातार बारिश के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच रद्द हो गया था।

भारत ने मैदान के एक तरफ अपना अभ्यास सत्र आयोजित किया, उसके बाद कुछ खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला, जबकि अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने अपनी निर्धारित साइड पिच पर थोड़ी देर के लिए गेंदबाजी की।

शेष भारत को हराकर विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी

नागपुर, 5 अक्टूबर। हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुये। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया।

विदर्भ के लिए हर्ष दुबे ने चार विकेट लिये। आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले। पार्थ रेखड़े और दर्शन नलकंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन तथा दूसरी पारी में 232 रन का स्कोर किया। शेष भारत ने पहली पारी में 214 रन बनाये थे और उसे दूसरी में जीत के लिए 361 रनों का लक्ष्य मिला था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विदर्भ ने वर्ष 2017-18 और 2018-19 में दो बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता है।

राजस्थान के चेतन की अर्द्धशतकीय पारी

अंडर-23 चैलेंजर ट्रॉफी : प्रशांत माली का शतक, मिनाफशेख, समरजीत, राहुल गर्ग के अर्द्धशतक

जयपुर, 5 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 23 प्रतियोगिता की पूर्व तैयारियों के लिए जयपुर में राजस्थान -पंजाब अंडर 23 टीमों के मध्य खेले जा रहे अभ्यास मैच के दूसरे दिन स्कोर :- राजस्थान - पंजाब अंडर23 अभ्यास मैच के दूसरे दिन चेतन शर्मा के अर्धशतक की सहायता से दूसरे दिन राजस्थान मजूबत, राजस्थान पहली पारी : 322 आल आउट, टीम के लिए सर्वज्ञ पानेरी नाबाद 122, चेतन शर्मा 51 रनोका योगदान दिया। पंजाब के गेंदबाज अमनजोत सिंह 86 /5 विकेट। पंजाब पारी 138/4, टीम के लिए रिधम सत्यवान नाबाद 40 व देव नाबाद27 रन। राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 20 /2 व विश्वजीत सिंह 26/2 विकेट। अंडर 23 चैलेंजरट्रॉफी मल्टी डेज (पहले दिन का खेल) :- टीम सी - टीम बी, टीम सी पारी 285/5, टीम के लिए प्रशांत माली 103, मिनाफशेख नाबाद 71, युवराज 41 व हर्षवर्धन नाबाद 21 रनटीम ऐ - टीम डी, टीम ऐ पारी 325/6, टीम के लिए विजय कम्बोज 79, समरजीत 61, राहुल गर्ग नाबाद 53, नमन जोशी 44, यश सांखला 36 रन, टीम डी के गेंदबाज पुलकित गुप्ता 28/2 विकेट।

घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार भारत

गुवाहाटी, 5 अक्टूबर। उन्नित हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है जिसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोरिंग प्रारूप में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है।

सबालेंका और स्वियाटेक वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

वुहान, 5 अक्टूबर। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को शनिवार को 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विपरीत हिस्सों में रखा गया है। चीन के शीर्ष खिलाड़ी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे। स्थानीय पसंदीदा झेंग किनवेन ने चोट से उबरने के लिए शुक्रवार को नाम वापस ले लिया। सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

सितंबर पोलो सीजन 2025 : भावनगर पोलो ट्रॉफी की विजेता रही टीम विमल एरियन अचीवर्स

जयपुर, 5 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीजन 2025 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में रविवार को भावनगर पोलो ट्रॉफी (6 गोल) के लिए फाइनल मैच आयोजित हुआ। यह मुकाबला विमल एरियन अचीवर्स और मेफेयर पोलो आर्टिज टीम के बीच खेला गया।

इस फाइनल मुकाबले में विमल एरियन अचीवर्स ने 5-2 के स्कोर से मेफेयर पोलो आर्टिज टीम को शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस अवसर पर कैरेसिल लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, चिराग पारेख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस मैच के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) का खिताब डीनो धनखड़ ने जीता।

विजेती टीम विमल एरियन अचीवर्स से बाउटिस्टा अल्बर्डी ने 3 गोल और शमशीर अली ने 2 गोल किए। टीम से अन्य खिलाड़ी डॉ शिवांगी जय सिंह और साविर मेहराज गोदारा भी खेले। वहीं, मेफेयर पोलो आर्टिज टीम के लिए डीनो धनखड़ ने 2 गोल किए। टीम में अनय शाह, विश्वरूपे बजाज और डेनियल ओटामेंडी भी शामिल थे।